तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार, 12 जुलाई 2025

11 एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन



12 अवैध कॉलोनी पर डीटीपी का एक्शन धारूहेड़ा क्षेत्र में पांच एकड़ का निर्माण ध्वस्त



## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**नांगल मूंदी।** थाना खोल पुलिस ने मूंदी गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 6 जुलाई को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने मूंदी निवासी समयसिंह व देवव्रत को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एक्साइज एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने दुकान में शराब पिलाने के मामले में रेड की थी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू की थी। 10 जुलाई को दर्ज किए गए केस में पुलिस ने शिव कॉलोनी निवासी रवि को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### धमकी व मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने महाबीर नगर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 7 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच करते हुए तीन आरोपियों रवि, अनिल व अभिजीत को काबू कर लिया। मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद तीनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### नहर से गला-सड़ा शव बरामद

**जाटूसाना।** गाजी गोपालपुर के पास नहर से एक व्यक्ति का गला-सड़ा शव बरामद हुआ है। शुक्रवार शाम ग्रामीणों ने नहर में शव पड़ा होने की सूचना जाटूसाना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए, परंतु शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक की उम्र करीब 40 साल बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पहचान के लिए अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया।

### सड़क हादसे के बाद फरार चालक काबू

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद मौके से फरार हुए एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। उसके बयान पर पुलिस ने 19 जून को चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू की थी। पुलिस ने वाहन चालक हरिनगर निवासी श्रीभवान को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया।

### कंक्रीट प्लांट पर श्रमिक ने फांसी लगाकर जान दी

**रेवाड़ी।** वीरवार की रात खिजूरी में मिक्सर प्लांट पर मजदूरी करने वाले एक श्रमिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी प्रक्रिया शुरू कर दी। आत्महत्या का कारण घरेलू विवाद बताया जा रहा है।यूपी के गयोड़ी का रहने वाला 37 वर्षीय मिठाई लाल खिजरी में एक कंक्रीट मिक्सचर प्लांट पर कार्यरत था। उसके साथी श्रमिकों के अनुसार घरेलू विवाद के चलते वह परेशान रहता था। शुक्रवार सुबह जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं निकला, तो साथी श्रमिकों ने कमरे में झांककर देखा। उसका शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। बाद में शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## खोल खंड के कई गांवों में मकानों में घुसा पानी

# बरसाती पानी से गांवों में भारी नुकसान, कई मकानों में आई दरारें, उपायुक्त के नाम का ज्ञापन दिया

- धवाना, मंदोला और निमोठ में पानी ने कई एकड़ फसलों को बर्बाद कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

बीते वीरवार को मानसून की पहली भारी बारिश ने ग्रामीण इलाकों में लोगों का बड़ा नुकसान किया है। कुछ गांवों में जहां किसानों की फसल बर्बाद हो गई, तो कुछ गांवों में पानी घुसने से मकानों में दरार आ गई। मुआवजे की मांग भी उठने लगी है, जिसके तहत शुक्रवार को नांगज जमालपुर के बीपीएल परिवारों के लोगों ने डीडीपीओ को डीसी के नाम का ज्ञापन दिया।

भारी बारिश के बाद धवाना व खोल आदि गांवों के पहाड़ों का पानी बाढ़ की तरह आसपास के गांवों में घुस गया। धवाना, मंदोला और निमोठ में पानी ने कई एकड़ फसलों को बर्बाद कर दिया। पानी डहीना-कुंड रोड को निमोठ के पास क्रॉस कर गया, जिससे सड़क टूटकर यह मार्ग बंद हो गया। पानी का बहाव लगातार जारी रहने के कारण टूटी सड़क को ठीक करने का कार्य भी शुरू नहीं किया जा सका। इससे इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोडवेज बस सेवा भी दूसरे रास्तों से चलाई जा रही है। वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग अपनाकर अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं। धवाना व मंदोला की ओर से आने वाले पानी ने कपास, बाजरा और गेंदे की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। किसान प्रशासन से गिरदावरी कराकर मुआवजे की मांग कर रहे हैं। मौसम का खतरा अभी टला नहीं है। ऐसे में अगर फिर से भारी बरसात होती है, तो इससे लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। पानी नांगल जमालपुर में बारिश का पानी बीपीएल कॉलोनी के घरों में घुस गया। इससे कुछ मकानों में दरारें आई हैं, तो कई मकानों में रखा घरेलू सामान भी खराब हो गया। तीन दर्जन से अधिक महिलाओं और पुरुषों ने डीडीपीओ को डीसी के नाम का ज्ञापन देकर नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की। दूसरी ओर ढाणी राधा में भी बरसात के पानी से कुछ मकानों में दरारें आ गई, जिससे इन मकानों में रहने वाले लोगों के सामने मकान गिरने का खतरा मंडराने लगा है। बासदुधा के बाबा भैंरू मंदिर में भी कई फीट तक पानी एकत्रित हो गया।





रेवाड़ी। सचिवालय में डीसी को ज्ञापन देने पहुंचे लोग, कुंड-डहीना मार्ग पर टूटी सड़क व बहता पानी। फोटो :हरिभूमि

### पहाड़ी इलाकों में बढ़ेगी परेशानी

मौसम विभाग के अनुसार अभी लगभग एक सप्ताह तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। इस दौरान कहीं हल्की, तो कहीं मध्यम व तेज बरसात हो सकती है। खोल खंड के गांव खोल, धवाना, मनेठी, लुहाना व सीहा में अरावली की श्रृंखलाएं हैं। भारी बारिश होने पर इन पहाड़ों का पानी आसपास के गांवों में पहुंच जाता है। एक बार की बारिश ने कई गांवों में आफत पैदा कर दी है। अगर फिर से भारी बारिश होती है, तो इससे पहाड़ी एरिया के आसपास के गांवों में लोगों को ज्यादा नुकसान झेलना पड़ सकता है।

## होटल के पार्टनर ने फांसी लगाकर अपनी जान दी

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धारूहेड़ा

आकेड़ा में होटल के पार्टनर ने वीरवार की रात कमरे में पंखे के हुक से फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस फांसी लगाने के कारणों की जांच कर रही है।

झारखंड के सीरिया का रहने वाला हरीशचंद्र उर्फ करण चौधरी आकेड़ा के नारायण विहार में एक होटल का पार्टनर था। वह रात को होटल के कमरे में सोया हुआ था। सुबह देर तक जब वह उठकर होटल के कमरे से बाहर नहीं आया तो स्टाफ ने कमरे में झांककर देखा तो उसका शव पंखे के हुक से लटक रहा था। होटल के कर्मचारियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाने के बाद शव को फंदे से उतारा गया। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि हरीशचंद्र होटल की पार्टनरशिप में शामिल होने के बाद कर्ज के बोझ तले दबने लगा था। कर्ज बढ़ने के कारण वह तनाव में रहने लगा था, जिस कारण उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## सावन माह में शिव की उपासना का कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से भगवान शिव की उपासना का कार्यक्रम सत्य ही शिव है, शिव ही सुंदर है का आयोजन 13 जुलाई को पंजाबी धर्मशाला में किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि नई दिशा युवा मंच के जिला प्रधान एडवोकेट निशांत यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि व कैप्टन वीर सिंह विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट के प्रधान दिनेश राजपाल, राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के जिला प्रधान दीपेश भार्गव व एचएमवीए के पूर्व जिला प्रधान रामरतन यादव का अभिनंदन तथा उल्लेखनीय सेवा करने वाले साथियों को सम्मानित किया जाएगा।



रेवाड़ी। आरओबी निरीक्षण के दौरान अधिकारी से जानकारी लेते विधायक अनिल यादव।

## सितंबर तक पूरा होगा कोसली आरओबी कार्य लाइटिंग का एस्टीमेट भी हुआ पास

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के समीप आरओबी के मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कार्य को पूरा कराने में गंभीरता दिखाने के निर्देश दिए। फिलहाल आरओबी के नीचे वाहनों के आवागमन का रास्ता पूरी तरह से बंद है। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सतेंद्र श्योराण ने बताया कि पुल का डिजाइन पास हो चुका है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सितंबर माह के आखिरी सप्ताह तक आरओबी का काम पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि आरओबी पर लाइटिंग का एस्टीमेट भी पास हो गया है, जिस पर 43 लाख की राशि खर्च होगी। इससे पूर्व विधायक ने गांव श्याम नगर, सादत नगर, लुखी व गुजरवास में आयोजित जनसभाओं में ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने गांवों में विकास कार्यों का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर पंचायत समिति चेयरमैन दुष्यंत कुमार, मार्केट कमेटी चेयरमैन प्रवीन कुमार, जिला पार्षद शारदा यादव, जिला पार्षद जीवन हितैषी, प्रेमप्रकाश नाहड़ व सतवीर बहाला मौजूद थे।

## बच्ची से अश्लील हरकत करने वाले को सात साल की सजा

**रेवाड़ी।** फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश लोकेश गुप्ता ने बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए 7 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर आरोपी को जेल की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी। पुलिस को दी शिकायत में शहर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया था कि 13 मार्च 2024 की शाम को उसकी 9 वर्षीय बच्ची घर के बाहर गली में खेल रही थी। इसी दौरान शहर निवासी एक युवक बच्ची का हाथ पकड़ कर अपने साथ गली में ले गया और उसके साथ अश्लील हरकतें करना शुरू कर दिया। घर आने के बाद बच्ची ने परिवार को आरोपी की हरकत के बारे में बताया। शहर थाना पुलिस ने बच्ची के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। मामले की सुनवाई के बाद फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के एएसजे लोकेश गुप्ता ने अदालत ने आरोपी को पोक्सो एक्ट के तहत दोषी करार दिया। अदालत ने आरोपी को 7 साल कैद और 20 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं भरने पर दोषी को 20 महीने की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी।

## पत्नी पर जानलेवा हमले का आरोपी पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

थाना मॉडल टाउन पुलिस ने पत्नी की गर्दन पर धारदार हथियार से वार करने के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत 10 जुलाई को पुलिस बयान में नारनौल के हमींदपुर निवासी आरती ने बताया था कि उसकी शादी वर्ष 2013 में महेंद्रगढ़ के झगड़ौली निवासी रवि के साथ हुई थी। उसके एक 9 साल का बेटा है। आरती ने आरोप लगाया था कि उसका पति शराब का आदि है, जिस कारण आए दिन उसके साथ झगड़ा करता है। तीन साल से उसके पति के साथ मन-मुटाव चल रहा है। वह गर्मी की छुट्टियों में अपने ननिहाल छुरियावास आई हुई थी।

10 जुलाई को वह अपनी नानी के घर कमरे में सो रही थी। सुबह करीब साढ़े 5 बजे उसका पति रवि गेट खोलकर अंदर घुस गया। उसने धारदार हथियार से उसकी गर्दन व पेट पर वार कर दिए। उसे खून से लथपथ छोड़कर रवि वहां से भाग गया। उसके मामा देशराज ने उसे अस्पताल पहुंचाया था। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने इस मामले में रवि को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट से जमानत नहीं मिलने के कारण उसे जेल भेज दिया गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में महिला का पति।

### समय पर पहुंचने से बच गई जान

आरती ने हमला होने के बाद तुंरत अपने पिता को फोन कर दिया था। उसका पिता रामसिंहपुरा से सूचना मिलने के बाद तुरंत पहुंच गया। आरती को तत्काल ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया था, जिस कारण उसकी जान बच गई। पुलिस ने उसके बयान पर पति के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया था।

## तीसरे दिन मिला लापता महिला का शव डूबने के कारणों की जांच कर रही पुलिस

**रेवाड़ी।** साबन गांव में जोहड़ किनारे कुरड़ी में गोबर डालने के लिए घर से जाने के बाद लापता हुई महिला का शव शुक्रवार सुबह गांव के जोहड़ से बरामद हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। महिला के जोहड़ में डूबने के कारणों की जांच की जा रही है। यशवंत की करीब 30 साल की पत्नी मंजू गत 9 जुलाई को सुबह के समय घर से गोबर डालने के लिए निकली थी। इसके बाद काफी देर तक वह घर नहीं पहुंची, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका था। गोबर की परात जोहड़ के किनारे पड़ी हुई थी, जिस कारण परिजनों को उसके जोहड़े में गिरने की आशंका भी सताने लगी। परिजनों ने इसकी सूचना बावल पुलिस को दी थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। एक गोताखोर को तलाश के लिए जोहड़ में उतारा गया, परंतु पानी अधिक होने के कारण तलाश कार्य नहीं हो सका। शुक्रवार को सुबह ग्रामीणों ने जोहड़ में शव तैरता देख इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर जाकर शव को जोहड़ से बाहर निकलवाया।



जोहड़ में महिला का शव मिलने पर मौजूद पुलिस व लोग।

## शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया अस्पताल, सीन ऑफ क्राइम टीम भी मौके पर पहुंची

# युवक ने खुद को मारी गोली, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी/बावल

बावल थाना अंतर्गत गांव खेड़ा मुरार में वीरवार की रात करीब 24 साल के युवक ने संदिग्ध हालत में खुद को गोली मार ली। सिर में गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर पुलिस ने जांच शुरू की। रात को ही शव बावल के सिविल अस्पताल में रखवा दिया गया। परिजनों ने युवक की हत्या करने के बाद पिस्तौल हाथ में फंसाने का आरोप लगाया है। पुलिस विभिन्न एंगल से मामले की जांच कर रही है। खेड़ा मुरार निवासी रतिराम उर्फ लीलाराम का परिवार गांव के बाहर खेतों में मकान बनाकर रह रहा है। रतिराम के तीन बेटों में से मंझला बेटा राजेंद्र घर से शाम के समय नहर की ओर निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने रात को ही उसकी तलाश शुरू की। कुछ समय बाद राजेंद्र का खून से लथपथ शव नहर के पास पड़ा मिला। उसके हाथ में देशी पिस्टल थी। सिर गोली लगने से फटा हुआ था। सूचना मिलने के बाद बावल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया। राजेंद्र का सिर गोली से बुरी तरह फट चुका था। पिस्टल के ट्रिगर में अंगूठा फंसा हुआ था। सीआईए की टीम भी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद रात को शव बावल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। शुक्रवार ने परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव उनके हवाले कर दिया। पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, जिस कारण पुलिस बल तैनात करना पड़ा।



रेवाड़ी। युवक की मौत के बाद घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। फोटो :हरिभूमि

### परिजनों के आरोपों पर जांच कर रही पुलिस

मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि राजेंद्र के सिर में गोली मारने के बाद उसके हाथ में पिस्टल फंसाई गई है।

वह किसी तरह के नशे का आदि नहीं था। राजेंद्र विवाहिता था, परंतु उसकी पत्नी उसे छोड़कर मायके में रहने लग गई थी। वहीं पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक राजेंद्र के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित तीन आपराधिक मामले भी दर्ज हैं, जिनमें से एक राजस्थान में दर्ज है। पुलिस ने परिजनों को आश्वासन दिया कि पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को कराया जाएगा।

### लेफ्टी राजेंद्र के दाएं हाथ में मिली पिस्टल

परिजनों का दावा है कि राजेंद्र लेफ्टी था। वह सभी काम बाएं हाथ से ही करता था। पिस्टल उसके बाएं हाथ में मिला है, जिससे परिजनों को हत्या की पूरी आशंका है। सवाल यह भी उठ रहा है कि कभी-कभार दूध का कारोबार करने वाले राजेंद्र के पास पिस्टल आखिर आई कहां से। एसएचओ संजय यादव ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद असल तस्वीर सामने आ सकेगी।


दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।


दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।

# फ्री ट्रेनिंग चाहिए तो स्किल इंडिया मिशन से जुड़े



**नॉलेज**

**यंगभूमि डेस्क**

जो भी उम्मीदवार स्किल इंडिया मिशन 2024 के तहत फ्री स्किल ट्रेनिंग लेना चाहते है और मनपसंद नौकरी लेना चाहते है तो आज हम आपके लिए इस संबंध में पूरी जानकारी लाए हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग पाकर आप भी अपना कैरियर बना सकते हैं। कुछ लोगों को काम करने की इच्छा तो होती है पर उन्हें इस बारे में ज्ञान नहीं होता. आर्थिक स्थिति या अन्य किसी कारण वें अपने लिए मनचाहा रोजगार नहीं खोज पाते। ऐसे में भारत सरकार द्वारा एक बड़ा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसका लाभ उठा कर आप अपने लिए नौकरी ढूंढ सकते है।

## पाएं प्रशिक्षण

अगर आप बेरोजगार हैं और अपने लिए रोजगार खोज रहे हैं तो आपको भी इसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। स्किल इंडिया मिशन के तहत आप ट्रेनिंग प्राप्त करके अपने लिए रोजगार के ऑप्शन उत्पन्न कर सकते हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग लेने के बाद आपको एक सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा जिसके जरिए आपको आसानी से नौकरी मिल जाएगी। आज के वक्त में नौकरी बहुत जरूरी है ऐसे में आप इस मिशन के तहत प्रशिक्षण पाकर अपने लिए नौकरी ले सकते हैं। सरकार का लक्ष्य भी इस योजना के जरूये युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल और समृद्ध बनाना है।

### यह बेरोजगारी हटाने का कदम

इस योजना की शुरुआत भारत सरकार द्वारा बेरोजगारी युवाओं के लिए की गई है। इस स्कीम के अंतर्गत युवाओं को फ्री में ट्रेनिंग दी जाएगी यानी कि उन्हें कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। यानि की पूरी ट्रेनिंग फ्री में होगी। इसके लिए आपको एक भी रूपया नहीं देना है। बेरोजगारी मिटाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम साबित होगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की गई है जिनके अनुसार अगर आप योग्यता रखते हैं तो फ्री में ट्रेनिंग ले सकते हैं। आपको बता दे कि इस योजना के तहत ट्रेनिंग पाने के लिए आप 10वीं या 12वीं पास होने चाहिए और भारत के स्थाई निवासी होने चाहिए।

## ये करना होगा काम



इस योजना का लाभ उठाने के लिए आपको ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होता है। हम हमारे इस आर्टिकल में आपको पूरी जानकारी देंगे कि कौन इस योजना के लिए योग्य है, और आप किस प्रकार आवेदन कर सकते हैं, आवेदन के लिए किन-किन कागजातों की जरूरत होगी इत्यादि। सरकार का लक्ष्य है कि सभी युवाओं का कौशल विकास हो सके ऐसे में सभी युवा और विद्यार्थी इस योजना के तहत ट्रेनिंग पा सकते हैं।

## कई तरह के पाठ्यक्रमों की दी जाती ट्रेनिंग

### नौकरी के अवसर

इस मिशन के तहत उम्मीदवारों को अलग-अलग कोर्सेज के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। ताकि वह किसी भी क्षेत्र में अपने लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सके। आपको बता दे कि भारत सरकार के इस योजना के तहत उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक्स , फर्नीचर , हार्डवेयर , फ़ूड प्रोसेसिंग, कंस्ट्रक्शन , फिटिंग , हडीक्राफ्ट , गेम्स और ज्वेलरी , लेदर टेक्नोलॉजी और 40 अन्य टकेनिकल कोर्सेज की ट्रेनिंग दी जाएगी. इन कोर्सेज की ट्रेनिंग लेने के बाद उनके लिए नौकरी खोजना आसान हो जाएगा।

### जरूरी कागजात

- आधार कार्ड
- वोटर कार्ड,
- पैन कार्ड
- बैंक खाता पासबुक
- मोबाइल नंबर
- पासपोर्ट साइज फोटो

### ट्रेनिंग के लिए योग्यता

- आवेदक भारत का स्थाई निवासी होना चाहिए।
- उम्मीदवार बेरोजगार होना चाहिए। यानी वह कोई भी काम ना करता हो।
- आवेदक को हिंदी और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

### पंजीकरण की प्रोसेस

इस योजना में अप्लाई करने के लिए आपको रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा जिसकी पूरी जानकारी यहां दी गई है। यहां आप फॉर्म भरने की सरल प्रकिया को समझ सकते है और आवेदन कर सकते है। इस मिशन के तहत आवेदन करने के बाद फ्री में प्रशिक्षण ले पाएंगे।

### ये रहेगी आवेदन प्रकिया

- अधिकारीक वेबसाइट पर जाएं। यहां आने के बाद इसके होम पेज पर आपको साइड बार › क्विक लिंक का विकल्प दिखाई देगा।
- रजिस्ट्रेशन के विकल्प को सेलेक्ट करना होगा।
- इसके बाद आवेदन फार्म में आपको मांगे जाने वाली सारी जानकारी को सावधानीपूर्वक भरनी होगी।
- इसके बाद आपको सभी जरूरी दस्तावेजों को इसके साथ अटैच करना होगा।
- लास्ट में सबमिट के बटन को क्लिक करना होगा।

## अब समाज में तेजी से बढ़ रही सामाजिक समस्याएं

# सोशल सेक्टर में बनाएं करियर जॉब के साथ मिलेगी अच्छी सैलरी

**जॉब ट्रेंड्स**

**करियर डेस्क**

### इस क्षेत्र में समाज सेवा के साथ अच्छी कमाई

देश में जिस तरह से जनसंख्या बढ़ रही है, उसी तरह सामाजिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं और उन्हें दूर करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस वजह से सोशल वर्क का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है और साथ में ट्रेंड लोगों की डिमांड भी। जिसके कारण अब युवाओं को इस क्षेत्र में भी अच्दा करियर बनाने का मौका मिल रहा है। जो भी समाज सेवा के साथ अच्छा पैसा कमाना चाहता है, उनके लिए इस सेक्टर में करियर बनाना सबसे फायदेमंद हैं।



### कैसे करें एंट्री

इस सेक्टर में काम करने के लिए किसी खास डिग्री की जरूरत नहीं होती है, लेकिन सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए होम साइंस, साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी या सोशल साइंस में ग्रेजुएशन के बाद सोशल वेलफेयर, सोशल साइंस में मास्टर्स करना अच्छा रहेगा। भारत में कई इंस्टीट्यूट्स, यूनिवर्सिटीज में इससे संबंधित कोर्स संचालित किए जाते हैं। जहां एंट्रेंस टेस्ट और इंटरव्यू के आधार पर दाखिला मिलता है। इसके अलावाए एनजीओ मैनेजमेंट का कोर्स भी कर सकते हैं। देश में कई इंस्टीट्यूट्स और यूनिवर्सिटी में एनजीओ मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स शुरू हो चुके हैं। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज मुंबई, दिल्ली यूनिवर्सिटी, राजस्थान यूनिवर्सिटी, जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय, सोशल वर्क में डिप्लोमा और डिग्री के कई कोर्स संचालित कर रहे हैं, जहां से आप कोर्स कर सकते हैं।



### वर्क प्रोफाइल क्या

सोशल वर्क की फील्ड में भी अब स्पेशलाइज्ड लोगों की डिमांड बढ़ने लगी है। जो चिकित्सीय और मनोवैज्ञानिक सोशल वर्क के साथ अपराधियों को सुधारने पर आधारित समाज कार्य भी करते हैं, इसके अलावा शहरी और ग्रामीण समुदाय विकास से जुड़े मानव कल्याण के कार्य, पुनर्वास, मानव अधिकार और सामाजिक कर्त्तव्य, प्राकृतिक आपदा में बचाव संबंधित कार्य नशे की लत से मुक्ति दिलाने पर आधारित कार्य और अशिक्षा दूर करने से जुड़े कार्य करना पड़ता है।

### अच्छा करियर ग्रोथ

आज जिस तरह से डिसेबिलिटी, ड्रग्स, डिप्रेशन और बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए समाजसेवा में युवाओं की काफी दरकार है। सोशल सेक्टर में काम करने वाले प्रोफेशनल्स को लोगों की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक समस्याओं को जानना-समझना और फिर उसका हल निकालना होता है। इसे काउंसलिंग, कॉन्फ्रेंस, सेमिनार अवेयरनेस प्रोग्राम्स के जरिए पूरा किया जाता है। इस क्षेत्र में सरकारी और गैर सरकारी, दोनों ही तरह के कार्य होते हैं, जिनमें आप एनजीओ मैनेजर, कम्युनिटी सर्विस प्रोवाइडर, एनजीओ प्रोजेक्ट कॉओर्डिनेटर, एनजीओ ह्यूमन रिसोर्स और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कार्य कर अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

### यहां करना पड़ता है काम

सोशल वर्कर के तौर पर आपको ऑफिस वर्क जैसा काम नहीं करना होता और ये सामान्य तौर पर ऑफिस में बैठकर काम करते भी नहीं। इन्हें अलग-अलग ग्रुप और कम्यूनिटी के साथ जुड़ना होता है। इसके तहत ये हॉस्पिटल, क्लीनिक, एनजीओ, डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट, ओल्डएज होम, हेल्थकेयर फैसिलिटीज, एजुकेशन सेक्टर वगैरह के साथ जुड़कर काम करते हैं।

### जरूरी स्किल्स

इस सेक्टर में कार्य करने के लिए कई स्कील की जरूरत पड़ती है, जिसमें सबसे ज्यादा जरूरी कम्युनिटी या लोगों के साथ मिलकर काम करने का अनुभव है। इसके अलावा कम्युनिकेशन स्किल भी काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही, स्थानीय भाषा के साथ-साथ इंटरनेशनल लैंग्वेज की भी जानकारी जरूरी है, क्योंकि कई बार इस फील्ड से जुड़े पेशेवर को इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर कार्य करना पड़ता है। प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटी का होना भी जरूरी है। साथ ही, सामाजिक न्याय, समाज के उपेक्षित वर्ग को मेन स्ट्रीम में शामिल करने, वंचित लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रयास करने को लेकर प्रतिबद्ध होना जरूरी है। इसके अलावा, सोशल वर्क की फील्ड में काम करने के लिए आपके पास लोगों के साइकोलॉजिकल, इमोशनल पक्षों की समझ भी होनी चाहिए। आपमें धैर्य और संवेदनशीलता होना बेहद जरूरी है। सकारात्मक बदलाव और सही फैसले लेने की क्षमता भी होनी चाहिए।

### अवसर की भरमार

इस फील्ड में जॉब की काफी संभावनाएं हैं। विकास के नए तौर-तरीकों के चलते हमारे मूल्यों में जिस तरह से गिरावट आ रही है, ऐसे में सोशल सेक्टर की भूमिका काफी बढ़ गई है। जाहिर है नौजवानों के लिए इस क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी। यह ऐसा क्षेत्र है, जहां विदेशों में भी काम के काफी अवसर हैं। नाटो, विश्व स्वास्थ्य संगठन, एमनेस्टी इंटरनेशनल, रेडक्रॉस, ग्रीनपीस, यूनिसेफ, यूनाइटेड नेशन, यूनेस्को, ओसीडीए विश्वबैंक, कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट, एनवॉयर्नमेंट प्रोटेक्शनए यूनाइटेड नेशन एजुकेशनल साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन जैसी नामी संस्थाओं के अलावा कई अन्य संस्थाएं जॉब का मौका देती हैं।



## कैसे बनाएं सोशल मीडिया में करियर, क्या होंगे नौकरी के ऑप्शन और वर्क प्रोफाइल

इन दिनों ऑफबीट करियर ऑप्शंस की डिमांड काफी बढ़ गई है। अब लोग मीडिया में करियर बनाने के साथ ही सोशल मीडिया में भी दिलचस्पी ले रहे हैं। सोशल मीडिया की दुनिया में रोजगार की बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं। ज्यादातर स्मॉल स्केल बिजनेस सोशल मीडिया के जरिए लाखों रुपये कमा रहे हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट हैंडल करने और सोशल मीडिया मार्केटिंग के लिए वह एक्सपर्ट रखते हैं। कई सेलेब्रिटी और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी ब्रांड मार्केटिंग, ऐड्स और अकाउंट हैंडल करने के लिए सोशल मीडिया की टीम रखते हैं।

### ट्रेंड्स की जानकारी होना जरूरी

जो लोग घंटों कंप्यूटर या मोबाइल पर काम कर सकते हैं, ग्राफिक्स डिजाइन, ब्लॉग राइटिंग (किसी भी भाषा में) आदि में दिलचस्पी लेते हैं व ऑफबीट क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए सोशल मीडिया बेस्ट है। इसके लिए क्रिएटिव होना और सोशल मीडिया ट्रेंड्स की जानकारी होना सबसे जरूरी है।

### सोशन मीडिया मैनेजर

सोशल मीडिया मैनेजर कंपनी, ब्रांड या किसी प्रमुख संस्थान के सभी सोशल अकाउंट को प्रोफेशनली मैनेज करता है। यह सोशल मीडिया पर कंपनी को आगे ले जाने के नए तरीके अपनाते हैं, जिनसे कंपनी की अच्छी छवि को पॉजिटिव बनाकर रखा जा सके। पीआर, एडवरटाइजमेंट, मार्केटिंग और सोशल नेटवर्किंग के जरिए ऑर्गनाइजेशन की जो सूचनाएं बाहर जाएं, उनमें समानता बनाए रखना इनका काम है।


### सोशल मीडिया एनालिस्ट/स्ट्रैटेजिस्ट

सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट डेटा का विश्लेषण कर कंपनी पॉलिसी बनाते हैं। यह कंपनी को उसकी जरूरत के हिसाब से सोशल मीडिया चैनल का चुनाव करने में मदद करते हैं और ब्रांड्स से संबंधित ग्राहकों को टारगेट करते हैं। सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट मार्केटिंग कैंपेन को ज्यादा असरदार बनाने की कोशिश करते हैं। यह वेबसाइट ट्रैफिक को भी मॉनीटर करते हैं।

### कंटेंट मैनेजर/क्रिएटर

सोशल मीडिया में कंटेंट का मतलब सिर्फ लिखित कंटेंट नहीं होता है। इसमें ग्राफिक्स, वीडियो, ऑडियो भी शामिल होते हैं। यह एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। जहां सोशल मीडिया मैनेजर सोशल मीडिया सॉफ्टवेयर/प्लेटफॉर्म्स के तकनीकी पहलुओं पर ध्यान देते हैं, वहीं कंटेंट क्रिएटर कंटेंट की भाषा, क्वालिटी और अन्य टेक्नीकल बातें देखते हैं। इनके जॉब प्रोफाइल में कॉपीराइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग शामिल हैं।

# सफलता की राह नहीं होती आसान, मेहनत लगन और धैर्य से ही मिलती है कामयाबी



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

सफलता एक ऐसा लक्ष्य है, जिसे हर छात्र अपने जीवन में हासिल करना चाहता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सफलता का रास्ता इतना मुश्किल क्यों होता है? क्यों इसमें कोई आसान शॉर्टकट नहीं होता? जवाब सरल है सफलता वही है जो मेहनत, लगन और धैर्य से प्राप्त होती है। यह एक ऐसी यात्रा है, जिसमें चुनौतियां आपका इम्तिहान लेती हैं, और आपकी दृढ़ता ही आपको मंजिल तक पहुंचाती है। आपकी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। सफलता आपका इंतजार कर रही है। जीवन की यात्रा में मेहनत ही वह दीपक है, जो अंधेरे रास्तों को रोशन करता है। महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" अर्थात्, तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता मत कर। यह सूत्र हमें सिखाता है कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती, चाहे परिणाम तुरंत दिखे या नहीं।

## अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो

जैसे पांडवों ने कौरवों के अत्याचारों के बीच भी धैर्य और कर्तव्य का पालन किया, वैसे ही तुम भी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहो। महाभारत का एक और अमर वचन है, "यतो धर्मस्ततो जयः" जहां धर्म है, वहां विजय है। अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो, तो सफलता निश्चित रूप से तुम्हारा इंतजार कर रही है। जैसे अर्जुन ने युद्ध के मैदान में संदेह छोड़कर श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन पर भरोसा किया, वैसे ही तुम भी अपने भीतर के संदेह को त्याग दो। हर बूंद पसीने से तुम अपने सपनों का महल बनाते हो। विश्वास रखो, तुम्हारी मेहनत का हर कण अनमोल है, और वह दिन दूर नहीं जब तुम्हारी सफलता तुम्हें गले लगाएगी।

**शॉर्टकट की भ्रांति** : आज के समय में, जहां सब कुछ तेजी से चाहिए तेज इंटरनेट, तुरंत जवाब, और फटाफट नतीजे हम अक्सर सोचते हैं कि सफलता भी शायद किसी शॉर्टकट से मिल जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि शॉर्टकट आपको केवल तात्कालिक लाभ दे सकते हैं, स्थायी सफलता नहीं। उदाहरण के लिए, अगर आप परीक्षा में नकल करके पास हो भी गए, तो क्या वह ज्ञान आपको भविष्य में काम आएगा? नहीं, क्योंकि असली सफलता का आधार है आपका ज्ञान, आपकी मेहनत और आपका आत्मविश्वास।

**मेहनतः सफलता की नींव** : छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। हर बार जब आप देर रात तक पढ़ते हैं, किसी कठिन विषय को समझने की कोशिश करते हैं, या असफलता के बाद फिर से प्रयास करते हैं, आप अपने आप को और मजबूत बनाते हैं। महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन ने कहा था, "मैं असफल नहीं हुआ, मैंने तो बस 10,000 ऐसे तरीके खोजे जो काम नहीं करते।" उनकी यह बात हमें सिखाती है कि असफलता भी सफलता का हिस्सा है। हर बार जब आप गिरते हैं, आप एक नया सबक सीखते हैं, जो आपको मंजिल के और करीब ले जाता है।

**लक्ष्य और अनुशासन** : सफलता का पहला कदम है अपने लक्ष्य को स्पष्ट करना। आप क्या बनना चाहते हैं? डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कुछ और? अपने सपने को एक कागज पर लिखें और उसे हर दिन देखें। लेकिन केवल सपने देखना काफी नहीं है। अनुशासन वह चाबी है जो आपके सपनों को हकीकत में बदलती है। रोजाना पढ़ाई का समय निश्चित करें, छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं, और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करें। याद रखें, एक दिन में पहाड़ नहीं चढ़ा जा सकता, लेकिन हर दिन एक कदम बढ़ाने से आप जरूर शिखर तक पहुंचेंगे।

### चुनौतियों का सामना करें

छात्र जीवन में कई चुनौतियां आती हैं पढ़ाई का दबाव, दोस्तों का प्रभाव, या कभी-कभी आत्मविश्वास की कमी। लेकिन ये चुनौतियां आपके रास्ते में रुकावट नहीं, बल्कि सीखने का अवसर हैं। जब आप किसी कठिन सवाल को हल करते हैं, तो न केवल आपका ज्ञान बढ़ता है, बल्कि आपका आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। इसलिए, समस्याओं से भागें नहीं, उनका सामना करें। हर चुनौती आपको और बेहतर बनाती है।

**सकारात्मक सोच और धैर्य** : सफलता का रास्ता धैर्य मांगता है। कई बार ऐसा होता है कि मेहनत करने के बावजूद तुरंत नतीजे नहीं मिलते। ऐसे में निराश होना स्वाभाविक है, लेकिन यही वह समय है जब आपको अपनी सकारात्मक सोच को बनाए रखना है। अपने आप से कहें, "मैं कर सकता हूँ।" अपने आसपास ऐसे लोगों को रखें जो आपको प्रेरित करें। किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियां सुनें, और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें।

**आपके पास है ताकत** : प्रिय छात्रों, आपके पास वह ताकत है जो आपको दुनिया की किसी भी ऊंचाई तक ले जा सकती है। जरूरत है तो बस उस ताकत को पहचानने की। हर बार जब आप थक जाते हैं, एक गहरी सांस लें, अपने सपनों को याद करें, और फिर से उठकर चल पड़ें। सफलता का रास्ता लंबा हो सकता है, लेकिन हर कदम आपको आपके सपनों के करीब ले जाता है। असली सफलता वही है जो मेहनत, लगन, और धैर्य से मिलती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

**2.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

**3.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

**4.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

**5.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

**6.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

**7.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

**8.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

**9.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

**10.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अध्रम
(सी) अधर्म
(डी) अध्रिम

**उत्तर** 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)9. (बी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। स्कूल में बच्चों को टेटनस के इंजेक्शन लगाते स्वास्थ्य कर्मी।

### विद्यार्थियों को टेटनस से बचाव के प्रति किया जागरूक

**रेवाड़ी।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर टेटनस से बचाव के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विद्यालय के बच्चों को टेटनस से बचाव के लिए इंजेक्शन लगाए गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कक्षा पहली, पांचवी व दसवीं के छात्रों को शामिल किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयागांव की टीम ने कार्य में योगदान दिया। टीकाकरण का उद्देश्य बच्चों में घातक बीमारी को फैलने से रोकना है। विद्यालय डीन मुकेश यादव व प्राचार्य सुकेंद्र सिंह ने स्वास्थ्य कर्मियों का धन्यवाद किया। चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बच्चों को टेटनस से सचेत रहने की सलाह दी।



रेवाड़ी। वट वृक्ष का पौधा लगाती महिला पतंजलि योग समिति की पदाधिकारी।

### महिला पतंजलि योग समिति ने किया पौधरोपण

**कोसली।** कान्हडवास गांव में महिला पतंजलि योग समिति की कोसली की ओर से गुरू पर्व श्रद्धा व विश्वास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन से की गई। समिति की ओर से श्रावण मास के प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में एक वट वृक्ष का पौधा लगाया गया तथा पौधे के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर पतंजलि महिला जिला प्रभारी सरोज यादव, कोसली तहसील प्रभारी राजेश बाई, सुनील, सुमन, शर्मिला मौजूद रहीं।



रेवाड़ी। वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**रेवाड़ी।** महेंद्रगढ़ रोड पर स्थित विकास इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से कक्षा आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन शिक्षा प्रणाली विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखें। छात्र एवं छात्राओं ने पक्ष-विपक्ष में बोलकर सभी को प्रभावित किया। छात्रों ने बताया कि ऑनलाइन शिक्षा आज की जरूरत तथा भविष्य में बच्चों के लिए एक आसान माध्यम है, वहीं छात्राओं ने कहा कि ऑफलाइन शिक्षा में सीखने के अवसर अधिक होते हैं। कैंपस एजुकेशन ही जरूरी है। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर देवेंद्र यादव ने कहा कि स्कूल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उनके चहुंमुखी विकास के लिए प्रयास करना है।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**नारनौल।** निजामपुर के रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ते वक्त करीब 70 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। महिला बांयल गांव से अपने पीहर रेवाड़ी जिला के गांव खोल जाना चाह रही थी, लेकिन ट्रेन हादसे की शिकार हो गई। जानकारी मुताबिक करीब 70 वर्षीय चमेली पत्नी पूर्णसिंह वासी गांव बांयल अपने पीहर खोल जाने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए निजामपुर पहुंची थी। प्रातः करीब 11 बजे जब मदार पैसेंजर ट्रेन निजामपुर आई तो उक्त महिला चमेली देवी भी उसमें चढ़ने लगी, लेकिन महिला का एक पैर प्लेटफार्म तो दूसरा पैर ट्रेन के डिब्बे में था, तब ट्रेन चल पड़ी और वहीं महिला के हाथ छूट गए, जिससे वह दो डिब्बो के बीच बने गैप में जा गिरी और मदार ट्रेन की चपेट में आ गई। सूचना मिलने पर नारनौल से जीआरपी निजामपुर स्टेशन पहुंची तथा आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

---

शिविर का उद्देश्य कैडेट्स को घर से बाहर की परिस्थितियों में जीवन का अनुभव देना

# एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स सम्मानित

■ मजबूत मन और सशक्त चरित्र ही जीवन की दिशा तय करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान लिसाना में आयोजित 8 हरियाणा बटालियन एनसीसी के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। इस मौके पर कैंप कमांडेंट कर्नल वीएम सिंह ने सभी विजेता कैडेट्स को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कर्नल सिंह ने कहा कि शिविर का उद्देश्य कैडेट्स को घर से बाहर की परिस्थितियों में जीवन का अनुभव देना है। ये अनुभव उन्हें आंतरिक शक्ति और अनुशासन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि 10 दिवसीय शिविर में कैडेट्स को गुणवान, आत्मनिर्भर और अनुशासित युवा बनने के लिए प्रेरित किया तथा मानसिक बाधाओं को पार कर नेतृत्व क्षमता विकसित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत मन और सशक्त चरित्र ही जीवन की दिशा तय करते हैं। कठिन राहों को अपनाना चाहिए, डरना नहीं चाहिए और शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनना चाहिए।




रेवाड़ी। कैंप के समापन पर कैडेट्स को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

समापन समारोह के दौरान फायरिंग प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सीनियर और जूनियर कैडेट्स को सम्मानित किया गया। ड्रिल में ब्रावो कंपनी को प्रथम और एक्को कंपनी को द्वितीय स्थान, वालीबॉल प्रतियोगिता में एक्को प्रथम तथा डेल्टा द्वितीय, टग ऑफ वॉर में एक्को कंपनी ने प्रथम और ब्रावो ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 100 मीटर और 200 मीटर दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल गायन, समूह गीत, भाषण एवं कविता पाठ, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और रंगोली प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। शिविर में 41 कॉलेजों और स्कूलों के 574 कैडेट्स ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। रेवाड़ी बटालियन के अंतर्गत झज्जर, गुरुग्राम, चरखी दादरी, नूंह और रेवाड़ी जिलों के कुल 65 शिक्षण संस्थान संबद्ध हैं। विशेष रूप से छात्राओं के लिए आयोजित शिविर में बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल वीएम सिंह, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल सोमवीर डबास, सूबेदार मेजर सुरजीत सिंह, सूबेदार विनोद पायल, सूबेदार जोगेन्द्र सिंह, सूबेदार हनुमाना राम, सूबेदार पंडित चौगले, सूबेदार हरेंदर सिंह, नायब सूबेदार सुन्दर सिंह, हवलदार संजय डागर, हवलदार रोहताश, हवलदार गिरदावल, हवलदार किशन, हवलदार सुरेंद्र, हवलदार एम. एस. लोनी, हवलदार श्रवण, हवलदार सदा सेवन, हवलदार अनिल व हवलदार तेजेन्द्र उपस्थित रहे। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा. कविता, सैकेंड ऑफिसर सरिता देवी और जीसीआई दीपिका कंवर के साथ 12 शिक्षण संस्थाओं की अध्यापिकाओं ने भी शिविर में योगदान दिया।

---

## खोल सीएचसी में 150 लोगों को मिला उज्ज्वल दृष्टि योजना का लाभ



रेवाड़ी। खोल सीएचसी में कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ व लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

स्वास्थ्य विभाग की ओर से 40 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के नागरिकों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को उज्ज्वल दृष्टि योजना की शुरूआत की गई। सीएचसी खोल में एसएमओ डा. विशाल राव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता चिकित्सा अधिकारी डा. सुनीता यादव ने की व मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी व पूर्व जिला पार्षद कुमारी गीता उपस्थित थी।

इस अवसर पर कुमारी गीता ने कहा कि यह योजना उन नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी है, जो आर्थिक कारणों से चश्मे नहीं खरीद सकते। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में करीब 150 जरूरतमंद नागरिकों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इस मौके पर डा. राकेश, डा. प्रतिभा, बीईई सतीश कुमार, नर्सिंग ऑफिसर ज्योति, नोडल ऑफिसर सीमा, एएनएम ममता, सूचना सहायक सुनील कुमार तथा फार्मासिस्ट बिरेंद्र सहित अनेक लोग मौजूद थे।

एसएमओ डा. विशाल राव ने बताया कि यह अभियान पूरे माह चलेगा तथा जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पात्र नागरिकों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए जाएंगे।

---

विद्यालय में घास लगवाने तथा मुख्य द्वार के सामने टाइल लगवाने की घोषणा की

## राजकीय विद्यालय सीहा में एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा के अशोका इको क्लब तथा अरावली सदन के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ पौधरोपण किया गया।

आध्यात्मिक विचारक महंत नरोत्तम दास महाराज के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सीहा की सरपंच सरिता यादव ने विशिष्ट अतिथि की भूमिका निभाई। विद्यालय के प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहड़ियां की अध्यक्षता में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की दखरेख में जनसंख्या वृद्धि की चुनौतियों पर विचार गोष्ठी, निबंध प्रतियोगिता तथा पेंटिंग का आयोजन किया गया तथा एक पौधा-मां के नाम अभियान का श्रीगणेश किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें पर्यावरण का सजग प्रहरी बनकर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पेड़ बनाने होंगे। उन्होंने इको क्लब को तीन दर्जन से ज्यादा पौधे भेंट करने वाले विद्यालय के क्लर्क रवि कुमार को सम्मानित किया। सरपंच सरिता यादव ने विद्यालय के खेल परिसर में घास लगवाने तथा मुख्य द्वार के सामने टाइल लगवाने की घोषणा की। वरिष्ठ प्राध्यापक हरीश कुमार तथा इको क्लब सह-प्रभारी प्रदीप चौहान की देखरेख में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता में मीनाक्षी, यक्षरा व प्रिया तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में जेसिका, सुमन व मुस्कान विजेता रहीं।

प्राध्यापिका अनीता कुमारी की देखरेख में विभिन्न खेलों के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। स्टाफ सचिव यशपाल आर्य ने मेहमानों का आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। पौधारोपण अभियान का शुभारंभ करते स्वामी नरोत्तम दास महाराज। फोटो : हरिभूमि

---

## वन मंत्री के आवास पर लोगों को वितरित किए पौधे



रेवाड़ी। वन मंत्री के आवास पर पौधे वितरित करते हरिंद्र यादव। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** प्रदेश के वन मंत्री राव नरबीर सिंह के आवास पर शुक्रवार को वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंत्री के निजी प्रवक्ता हरिंद्र यादव ने समर्थकों, कार्यकर्ताओं व आमजन को पौधे वितरित किए। हरिन्द्र यादव ने बताया कि वन मंत्री के निर्देशानुसार एक पौधा मां के नाम अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को वन विभाग की ओर से पौधे दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों कि सिर्फ पौधे लगाने की जिम्मेदारी नहीं रहेगी, बल्कि बड़े होने तक उनकी देखरेख भी करनी होगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि नागरिक वन विभाग की रेवाड़ी, बावल व कोसली स्थित सरकारी नर्सरियों से निःशुल्क ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिलेभर में 10 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर सूबेदार ईश्वर सिंह, एसबी यादव, उदयभान, मास्टर धर्मवीर, अनीश यादव कंवाली, कपिल शर्मा, ओमप्रकाष यादव, सुनील सरपंच चांदावास व हरिओम लाखनौर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

---

40 साल से अधिक आयु के लोगों की आंखों की जांच की जाएगी

## कोसली में उज्जवल दृष्टि अभियान के तहत 170 लोगों को वितरित किए चश्में




रेवाड़ी। अभियान के तहत चश्मे भेंट करते हुए सरपंच रामकिशन व एसएमओ डा. विक्रम सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली नागरिक अस्पताल में उज्वल दृष्टि अभियान के तहत शुक्रवार को आंखों की जांच व चश्मे वितरित करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव कोसली के सरपंच रामकिशन मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। एसएमओ डा. विक्रम सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की ओर से हिसार में उज्वल दृष्टि अभियान का शुभारंभ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से किया गया। एसएमओ ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत उज्वल दृष्टि अभियान में बच्चों व 40 साल से अधिक आयु के लोगों की आंखों की जांच की जाएगी। उसके बाद उनको निशुल्क चश्मे बांटे जाएंगे। शिविर में मुख्य अतिथि ने 170 लोगों को चश्में प्रदान किए। इस अवसर पर कोसली, भाकली व नठेड़ा से आए ग्रामीण व अस्पताल स्टाफ से डा. जयपाल, डा. राजीव, डा. सार्थक व डा. मुकेश मौजूद रहे।

---

### सैनी पब्लिक स्कूल में इंग्लिश स्टोरी टेलिंग स्पर्धा का आयोजन

**रेवाड़ी।** सैनी पब्लिक स्कूल में इंग्लिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कहानी सुनाने से बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अक्षिता, तनिषा, निपुण, प्राची, रक्षा, रायना, उत्सवी, मधुर, नव्या, रुचिका, चिराग, गर्विष, रोशनी, मिस्टी, भूमिका, लावण्या, मीत व समन्यु रहे। दूसरे स्थान पर दिव्यांशी, बंटी, भूमिका, गुंजन, तनिषा, अजब सिंह, इशानी, अंश, यश, पुलकित, मानवी, पलक, समीर, भूमिका व हिमानी और तीसरा स्थान पर अंकित, वंशिका, विजय, नव्या, मयंक, माहिरा, पायल, अंशिका व हिमानी ने हासिल किया। सैनी सभा के प्रधान नवीन सैनी, सैनी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन चेतराम सैनी, महासचिव मनोज, सह सचिव कैलाश, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, प्राचार्या अनीता यादव व कार्यकारिणी के सदस्यों ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

---

## सेवा स्तम्भ व धम्म भूमि ने मनाया धम्मचक्क पवतनाय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सेवा स्तंभ एवं धम्मभूमि श्रेष्ठ जीवन के लिए एक आंदोलन जिला इकाई की ओर से प्रधान भगत सिंह सांभरिया की अध्यक्षता में धम्मचक्क पवतनाय दिवस मनाया गया। मॉडल टाउन स्थित डा. बी आर अंबेडकर पार्क एवं लाइब्रेरी में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रधान ने सहम्पति की घोषणा पढ़कर सुनाई। इस अवसर पर आर के बलवारिया ने कहा कि गौतम बुद्ध ने आज से हजारों वर्ष के पहले पांच परिव्राज को पहला धम्मोउपदेश सारनाथ में दिया था। बुद्ध ने ऐसे धम्म की स्थापना की, जिसमें किसी प्रकार की रूढ़िवाद शामिल नहीं है। यह धम्म न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है, साथ ही प्रज्ञा शील करुणा के रास्ते पर चलने का संदेश देता है। इस अवसर पर कांशीराम खिंची, एडवोकेट राजकुमार जलवा, रोहतास बौद्ध, लक्ष्मी बाई लिसाना, सपना, सहदेव, सूबे सिंह रेवाड़िया, अमर सिंह बौद्ध, रामनिवास गोठवाल, नरेंद्र मेहरा, सतबीर गोठवाल, श्योकरण मेहरा, अरुण बदराणा, वर्णिका सांभरिया व दीक्षा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद संगठन के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**NOTICE**

I, Dinesh Kumar Suresh Chand S/o Sh. Suresh Chand R/o 93, Buroli (76), SubTehsil Dahina and Distt. Rewari Haryana-123411 declare that That my name is Dinesh Kumar in all documents and my name is Dinesh Kumar Suresh Chand mentioned in Aadhar Card, Passport Documents. That I want to change in Aadhar Card and Passport Name Dinesh Kumar Suresh Chand to Dinesh Kumar. That the Dinesh Kumar Suresh Chand and Dinesh Kumar is the same person and Both are my name.

---

शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों व शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दी

# सावन माह के पहले दिन बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

■ श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सावन माह के पहले दिन शुक्रवार को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों व शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दी। प्रातः से ही श्रद्धालु मंदिरों में भगवान शिव की आराधना के लिए पहुंचने शुरू हो गए। यह क्रम दोपहर तक चलता रहा। शहर के बारा पत्थर भूतेश्वर महादेव मंदिर, मोती चौक स्थित श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर, सोलहराही स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर, नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर व मॉडल टाउन स्थित शिव चौक सहित सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने आक, धतूरा, शहद, बेलपत्र व दूध अर्पण करके भगवान शिव को प्रसन्न किया। सावन का पहला सोमवार 14 जुलाई को है तथा सावन के माह में इस बार चार सोमवार होंगे। 9 अगस्त को सावन माह का समापन होगा। आचार्यो का कहना है कि अन्य दिनों की अपेक्षा सावन माह के सोमवार को भगवान शिव की सच्चे मन से पूजा करने पर कई गुणा लाभ मिलता है। प्रसन्न होने पर यह तीनों लोकों के सुखों को श्रद्धालुओं के लिए सुलभ कर देते हैं। सावन के माह में शिव महापुराण कथा सुनने से भगवान शिव मनवांछित फल देते हैं। कांवड़िए भी कांवड़ लेने के लिए बड़ी संख्या में हरिद्वार गोमुख पहुंच रहे हैं। शिवरात्रि के पर्व पर कांवड़ में लाए गए गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा।



रेवाड़ी। सावन माह के शुभारंभ पर सोलहराही स्थित मंदिर में भगवान शिव की पूजा करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, राजीव (आधार नं0 6312 8202 6957) सपुत्र जय सिंह निवासी ग्राम नया गांव (जाटों वाला) उप तहसील नाहड़, तहसील कोसली, जिला रेवाड़ी हरियाणा बयान करता हूं कि वाका रकबा मौजा नया गांव (जाटों वाला) उप तहसील नाहड़ में स्थित तथा रजिस्ट्री कार्यालय नाहड़ उप तहसील नाहड़ में मेरे नाम पंजीकृत जमीन के पारिवारिक हस्तान्तरण प्रलेख नं0 154 दिनांकित 31-05-2017, पारिवारिक हस्तान्तरण प्रलेख नं0 78 दिनांकित 27-04-2018, पारिवारिक हस्तान्तरण प्रलेख नं0 370 दिनांकित 13-06-2024 वा दस्तबरदारी नामा प्रलेख नं0 371 दिनांकित 13.06.2024, के वसिका प्रलेख की आरिजिनल कापियां गुम हो गई हैं तथा काफी तलाशने पर भी नहीं मिली हैं। जिनकी आनलाईन एफआईआर भी दर्ज कर दी गई है। किसी अन्य द्वारा इनका किसी भी सूरत में उपयोग अवैध होगा।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। प्रवक्ता जगबीर सिंह का सम्मान करते शिक्षक व ग्रामीण।

### जगबीर सिंह को प्रवक्ता बनने पर किया सम्मान

**खोल।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय पुंसिका में अध्यापक जगबीर सिंह का प्रमोशन होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। भूतपूर्व सरपंच मंजीत सिंह यादव, उदयवीर सिंह, भूपेंद्र सिंह और रिटायर्ड हेड मास्टर डा. महेश कुमार उपस्थित थे। विद्यालय स्टाफ और गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने जगबीर सिंह का प्रवक्ता इतिहास प्रमोशन होने पर पगड़ी पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मान किया।





रेवाड़ी। हेल्प डेस्क पर मौजूद एबीवीपी कार्यकर्ता।

### एबीवीपी ने छात्रों की मदद के लिए लगाई हेल्प डेस्क

**रेवाड़ी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला इकाई की ओर से शुक्रवार को केएलपी कॉलेज में विद्यार्थियों की मदद के लिए हेल्प डेस्क लगाया गया। नगर मंत्री आयशा ने कहा कि विद्यार्थियों की सहायता के लिए विद्यार्थी परिषद हमेशा तत्पर रहती हैं। सही जानकारी न होने के कारण विद्यार्थी कॉलेज में इधर से उधर भटकते रहते हैं। दूसरे दिन उन्हें बेवजह फिर से आना पड़ता है व कई आम परेशानियों से जूझना पड़ता है।



रेवाड़ी। खंड के बीआरपी की बैठक लेते डीपीसी।

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की समीक्षा

**रेवाड़ी।** शुक्रवार को सेक्टर-4 स्थित जिला परियोजना संयोजक कार्यालय में पीस फलैगशीप प्रोग्राम एक पेड़ मां के नाम 2.0 की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला परियोजना संयोजक राजेन्द्र शर्मा, कृष्ण एपीसी व प्रदीप यादव जिला कोर्डिनेटर सहित सभी खंड के बीआरपी मौजूद थे। इस अवसर पर डीपीसी राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि जिले के सभी खंडों में राजकीय तथा निजी विद्यालयों में एक पेड़ मां के नाम की कार्ययोजना जल्द से जल्द पूरी कर उसकी संकलित रिपोर्ट खंड स्तर पर प्राप्त कर जिला स्तर पर भेजी जाए।

### सौर ऊर्जा पंप की केबल चोरी कर ले गए चोर

**कोसली।** कोसली गांव की सीमा में नांगल पठानी रोड़ पर चोर एक सौर ऊर्जा पंप की केबल चोरी कर ले गए। जाहिदपुर गांव निवासी लक्ष्मी नारायण ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने कोसली गांव की सीमा में नांगल पठानी रोड़ पर रेलवे लाइन पास सौर उर्जा पम्प लगवाया हुआ है। बुधवार प्रातः जब वे वहां पहुंचे तो सौर ऊर्जा पंप की केबल गायब मिली। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

## बिना अनुमति निर्माण करने वालों पर होगी कार्रवाई

# अवैध कॉलोनी पर एक्शन, धारूहेड़ा क्षेत्र में पांच एकड़ का निर्माण ध्वस्त

- अवैध निर्माण से बाज नहीं आ रहे प्रॉपर्टी डीलर और कॉलोनाइजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। अवैध निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी व इनसेट में डीटीपी मंदीप सिहाग। फोटो : हरिभूमि

जिले की राजस्व सीमा में अवैध निर्माण करने वाले लोगों पर डीटीपी का एक्शन जारी है। डीटीपी की टीम ने धारूहेड़ा क्षेत्र में आंकेड़ा रोड पर अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की, जिससे प्रॉपर्टी डीलरों से लेकर प्लॉट खरीदने वाले लोगों तक में हड़कंप मच गया। शुक्रवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम धारूहेड़ा में मालपुरा की राजस्व सीमा में पहुंची।

जहां पर डीटीपी की जेसीबी ने 5 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया।। डीटीपी टीम ने यहां 14 डीपीसी, 3 चारदीवारी व निर्माण के साथ कच्चे रोड नेटवर्क को जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। इस कार्रवाई से प्लॉटिंग का कार्य करने वाले लोगों में तो हड़कंप मच गया।

### झांसे में न आए

डीटीपी मंदीप सिंह सिहाग ने आमजन से अपील की है कि वह प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं। अभी नई कॉलोनियों को रेगुलर को करने की सरकार की कोई योजना नहीं है।

### सख्त कार्रवाई की जाएगी

*प्रदेश सरकार नई कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों पर सख्त रुख अपना रही है। इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हुए हैं। इसके बावजूद प्रॉपर्टी डीलर कृषि भूमि पर जमकर प्लॉटिंग कर रहे हैं। कॉलोनाइजर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। लोगों को जल्द कॉलोनी नियमित होने का झांसा देकर महंगे दामों पर प्लॉट बेचे जा रहे हैं।*

### धरना-प्रदर्शन करना सभी का अधिकार, गलत टिप्पणी नहीं : भार्गव



प्रदीप भार्गव

**रेवाड़ी।** रामगढ़ भगवानपुर में नए अस्पताल की मांग को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शन तथा महापंचायत के दौरान केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह तथा प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव पर की गई अमर्यादित टिप्पणी की पूर्व नगर पार्षद व ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य भाजपा नेता प्रदीप भार्गव व भाजपा मंडल उपप्रधान व पूर्व पार्षद प्रमिला भार्गव ने आलोचना की है। उन्होंने सामाजिक भाईचारा खराब करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप भार्गव ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करना सभी का अधिकार है, लेकिन बेबुनियाद आरोप लगाकर गलत टिप्पणी करना किसी भी सूरत में सहन करने लायक नहीं है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने पिछड़े इलाके को विकास के मामले में अग्रिम पंक्ति में लाकर खड़ा करने में पूरी ताकत लगाई है, वहीं उनकी बेटी स्वास्थ्य मंत्री आरती राव इलाके की सेवा करने के लिए दिन-रात जुटी हुई हैं। ऐसे में उनके खिलाफ गलत ब्यानबाजी करना धरना देने वाले लोगों की मानसिकता को साफ दर्शा रहा है। प्रमिला भार्गव ने कहा कि आरती राव के खिलाफ की गई टिप्पणी ने समस्त नारी शक्ति को अपमानित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वालों को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए तथा इस प्रकार के लोगों का सामाजिक बहिष्कार भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार अस्पताल का निर्माण ऐसे स्थान पर कराना चाहती है, जहां सभी को सुविधाएं मिल सके और इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री आरती राव लगातार प्रयासरत हैं।



रेवाड़ी। अस्पताल की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## 25 दिनों से लगातार धरना जारी

# अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी का पैदल मार्च कल

**मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रामगढ़ भगवानपुर में अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी के तत्वावधान में सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर 25 दिनों से लगातार धरना चल रहा है। 13 जुलाई को धरना स्थल से सचिवालय तक पैदल मार्च किया जाएगा। यह मार्च प्रजापति चौक, आजाद नगर, धारूहेड़ा चौक, बस स्टैंड व बावल चौक से होता हुआ सचिवालय पहुंचेगा, जहां जिला उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। शुक्रवार को धरने पर संघर्ष समिति के वक्ताओं ने गहरा रोष व्यक्त किया कि कुछ निहित स्वार्थी लोग शांतिपूर्ण आंदोलन को बदनाम करने पर तुले हुए है, ताकि हॉस्पिटल के मुद्दे और किए गए वायदे से ध्यान हटा दिया जाए, जबकि महापंचायत के मंच से कोई अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं किया गया।

### मौजूद रहे

इस मौके पर अनिल कुमार सरपंच प्रतिनिधि भगवानपुर, लालसिंह, कॉमरेड रमेशचन्द्र एडवोकेट, रविन्द्र, देवेंद्र कुमार, रामकुमार, मोहर सिंह, खजान सिंह पूर्व सरपंच, सतीश सरपंच, महीपाल सिंह फदनी, श्रीराम, शिशपाल, नरेश, सुधीर वकील, मास्टर प्रेम प्रकाश, नवल सिंह, गजराज सिंह यादव, राज सिंह, सतीश सरपंच, कंवर सिंह फोरमैन, अनिल सरपंच गोकुलपुर, पवन शर्मा, इंद्रजीत, सत्यवीर सरपंच,अभय सिंह, इंद्रजीत नंबरदार, गणेश चंद, दयाराम, राजकुमार, राजबीर, वीरेंद्र सिंह, रोशनलाल, रामनारायण, राजबाला, सुशीला, मुकेश, रमेश, शीला, इन्द्र, मोनिका, निर्मला, ज्ञानवती, बीरमती, राजेश्वरी, बिमला, कमलेश, ग्यारसी, कृष्णा व आशा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# बरसात में नालों और ड्रेनों की पानी निकासी की नियमित मॉनिटरिंग करें अधिकारी: एसडीएम

- एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने किया नागरिक अस्पताल का निरीक्षण कर जलभराव से निपटने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में अधिकारियों को निर्देश देते एसडीएम।

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि बरसात में नालों और ड्रेनों की पानी निकासी की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें, पानी निकासी को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सीवरेज की व्यापक स्तर पर सफाई करने के सख्त आदेश दिए। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को जलभराव की समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग व नगर परिषद के अधिकारियों के साथ नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ शहर से गुजर रही ड्रेनों, बरसाती नालों और पंप सेट का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जल निकासी व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिए। एसडीएम ने जनस्वास्थ्य व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को नागरिक अस्पताल में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसके लिए उचित प्रबंध करें। एसडीएम ने कहा कि विभाग जरूरत के अनुरूप पंप सेट की उपलब्धता पूरी रखें, अगर कहीं अचानक जलभराव की स्थिति पैदा होती है तो पंप सेट के जरिए तुरंत पानी निकासी की जाए। इस अवसर पर पीएमओ डा. सुरेन्द्र यादव सहित जनस्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज



सीजेएम अमित वर्मा

**रेवाड़ी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि 12 जुलाई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा कराया जाएगा। सीजेएम वर्मा ने बताया कि लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिलों तथा राजस्व आदि का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोर्ट में अपने लंबित प्रकरणों को आपसी सहमति से हल करा लेने में ही फायदा है, जिससे कि समय कम लगे और मामूली खर्च में ही विवाद का निपटारा हो जाए।

# लंबित शिकायतों का एक सप्ताह में निपटान करें अधिकारी, अन्यथा होगी कार्रवाई : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते डीसी। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल पर आने वाली जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सभी विभागाध्यक्ष गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने लंबित शिकायतों को लेकर विभागों को आगामी बैठक से पहले निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 60 दिनों से ज्यादा लंबित शिकायतों का एक सप्ताह से पूर्व समाधान करें,अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान प्रकोष्ठ, सीएम विंडो, जनसंवाद, सीपीग्राम पोर्टल पर आई शिकायतों की समीक्षा कर सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी हर रोज अपना पोर्टल जरूर चेक करें और निर्धारित समय पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करें। बैठक से पहले लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों को दिशा निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों का रिव्यू करें। किसी प्रकार से भी औपचारिकता न हो, स्वयं संज्ञान लेकर उस समस्या का समाधान करें। डीसी मीणा ने कहा कि अधिकारी अपने-अपने विभाग की 60 दिन से पुरानी लंबित शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर समाधान कराएं। अगर ऐसा नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पीएचसी बव्वा के कैंप में बनाए बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड



रेवाड़ी। महिला को आयुष्मान कार्ड वितरित करते बलजीत यादव।

**कोसली।** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जिले के सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष कैंप लगाए जा रहे है। कोसली विधानसभा क्षेत्र में 12 जगह पर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को बव्वा गांव के प्राइमरी हेल्थ सेंटर में कैंप का उद्घाटन भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलजीत सिंह यादव ने किया। उन्होंने लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना एक बहुत ही लाभकारी योजना है, जिसके द्वारा गरीब परिवारों का मुफ्त में इलाज किया जाता ह। अब सरकार ने इसका दायरा बढ़ाते हुए 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी नागरिकों को शामिल कर लिया है। योजना के तहत सरकार प्रति परिवार 500000 तक का स्वास्थ्य बीमा कवर करती है। योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 सितंबर 2018 को की थी। इस योजना से करीब 50 करोड़ नागरिकों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। हरियाणा में भी करीब 81 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बने हुए हैं। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप बव्वा, डा. बत्रा, रामनिवास मंडल उपाध्यक्ष, रामेश्वर बिसोहा, नवदीप बरेली, महेश व राम अवतार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गवर्नमेंट स्कूल बीकानेर में विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में विश्व जनसंख्या दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस को मनाने का उद्देश्य जनसंख्या संबंधी समस्याओं जैसे परिवार नियोजन, लिंग समानता, गरीबी व मातृ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम प्रभारी प्रवक्ता सोमबीर यादव ने कहा कि लगातार बढ़ रही जनसंख्या एक गंभीर चिंता का विषय है। बढ़ती जनसंख्या के कारण भुखमरी, गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए। अध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस के दिन जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं की छात्रा नताशा ने प्रथम, कक्षा 11वीं की छात्रा प्रिया ने द्वितीय तथा कक्षा छठी के छात्र मयंक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ प्रवक्ता नीतू कुमारी तथा प्रवक्ता संजू यादव ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उत्साहवर्धन किया।

### गोठड़ा में संत निरंकारी मिशन के सत्संग का आयोजन



रेवाड़ी। गोठड़ा में आयोजित सत्संग में मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

**कुंड।** शुक्रवार को संत निरंकारी मिशन की ओर से गांव गोठड़ा में सत्संग का आयोजन किया गया। इस मौके पर संत निरंकारी मिशन से सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आदेशानुसार नारनौल से ज्ञान प्रचारक आशा ने कहा कि मिशन का उद्देश्य मानव से मानव को जोड़ने और आपस में प्रेम भावना जागृत करना है। उन्होंने कहा कि हे इंसान तू अपने मूल की पहचान कर ले और अपने असली मकसद को व अपने अस्तित्व को जान ले कि तू कहां से आया है और कहां पर तुझे जाना है, क्योंकि मुक्ति का द्वार केवल एक सत्संग है, जोकि 84 लाख योनियों के भटकन से बचाता है। दूर-दूराज क्षेत्रों से आए महात्माओं ने भजनों के माध्यम से परमात्मा के यशगान का गुणगान किया। सभी महात्माओं के लिए लंगर का आयोजन किया गया। ब्रांच डहीना के मुखी महात्मा धर्मपाल व साध संगत ने सभी का आभार प्रकट किया।

**जिम्मेदारी** हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की जनरल बॉडी की मीटिंग में फैसला

# योग में डा. युद्धवीर को मिला राज्य सचिव का दायित्व

- विस्तार, बदलाव तथा जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन पर विमर्श किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन हरियाणा ट्यूरिज्म होटल पंचकूला में किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. जयदीप आर्य ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में मॉरीशस योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन की महासचिव लीना भारती उपस्थित थी। बैठक में एसोसिएशन में विस्तार, बदलाव तथा जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। एसोसिएशन के चेयरमैन डा. धर्मदेव विद्यार्थी व अध्यक्ष डा. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में सचिव सुनील शर्मा ने बैठक का संचालन किया। राज्य सचिव सुनील शर्मा एव कोषाध्यक्ष उमेश नारंग की सहमति व सभी के अनुमोदन से नए राज्य सचिव का दायित्व रेवाड़ी से डा. युद्धवीर को सौंपा गया, जबकि डा. मदन मानव को कोषाध्यक्ष व अशोक मित्तल को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जीटीसीसी के चेयरमैन के रूप में रिटायर्ड आईजी आईटीबीपी ईश्वर सिंह दुहन व जीटीसीसी सचिव सुनील शर्मा को नियुक्त किया गया। सोशल मीडिया व ईटी कमेटी का डायरेक्टर अनुज कौशिक तथा कार्यालय सचिव कोमल कौशिक व अरुण ढिल्लों को नियुक्त किया गया। डा. जयदीप आर्य ने कहा कि सभी जिलों में जिला स्तर की प्रतियोगिता 10 अगस्त तक पूरी की जाए तथा राज्य स्तरीय स्पर्धा 21 से 23 अगस्त तक कराने का निर्णय लिया गया।

### निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे जिम्मेदारी

मुख्यातिथि लीना भारती ने कहा कि मॉरीशस में भारतीय योगासन कोचों के द्वारा दिए गए प्रशिक्षण तथा योगासन प्रतियोगिता के आयोजन से योग के प्रति जिज्ञासा शुरू हो गई है। मॉरीशस में सरकार ने पाठ्यक्रम में योग को लागू करने का निर्णय लिया है। रेवाड़ी योगासन के जिला अध्यक्ष व नव सृष्टि योग एव शोध संस्थान के संस्थापक डा. युद्धवीर ने राज्य सचिव बनाने पर अध्यक्ष डा. जयदीप आर्य व राज्य की जनरल बॉडी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

# स्वच्छता किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि सभी का जन अभियान: प्रियंका यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए प्रियंका यादव।

जिला नगरायुक्त राहुल मोदी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को नगर परिषद की ओर से बाल भवन में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगरायुक्त ने कहा कि मानसून के समय में गंदगी के कारण बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जात है, इसलिए सभी अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। स्वच्छता हमारे व्यवहार में होनी चाहिए। आमजन अपने घरों का गीला व सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में ही डाले और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी डालकर शहर को गंदा न करें। बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने कहा कि स्वच्छता का हमारे दैनिक जीवन में बेहद महत्वपूर्ण है। नागरिक पॉलीथिन का प्रयोग बिल्कुल न करे। कपड़े के थैले का प्रयोग करे।

स्वच्छता अभियान की ब्रांड एम्बेसडर प्रियंका यादव ने कहा कि स्वच्छता किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि सभी का जन अभियान है। अपने शहर को साफ व स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए आम जनता भी शहर को स्वच्छ रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

इस मौके पर पंचम प्रीत एक्सपर्ट स्वच्छ भारत मिशन, रोहित, नम प्रकाश व हेमंत कुमार सहित टीम के सभी सदस्य मौजूद थे।